डॉ. केशरी लाल वर्मा
कुलपति

Dr. Keshari Lal Verma
Vice Chancellor

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) भारत
Pt. Ravishankar Shukla University
Raipur (Chhattisgarh) - 492010-INDIA
Office : + 91 771-2262857
Fax : + 91 771-2263439
E-mail : vc_raipur@prsu.org.in
Website : www.prsu.ac.in
Mobile : 08527324400

अपील

प्रिय छात्र–छात्राओ,

आप सभी अवगत हैं कि छत्तीसगढ़ में नोवेल कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के कारण संकट उत्पन्न हो गया है। कोरोना वायरस से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग ही एकमात्र प्रभावी उपाय है साथ ही हाथों को नियमित रूप से धोने एवं सेनेटाईज किए जाने से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

संपूर्ण देश को लॉकडाउन किया जा चुका है। कोरोना वायरस के विस्तार को रोके जाने हेतु यही एकमात्र साधन है। आप स्वयं घर में रहें तथा अपने घर के लोगों सहित मित्रों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को मेसेज, ई–मेल, व्हाट्स–अप, आदि के माध्यम से घर पर ही रहने के लिए प्रेरित करें। अतिआवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। घर से बाहर निकलने की स्थिति में वायरस से सुरक्षा हेतु अपने नाक–मुँह को ढँकने के लिए मास्क या रूमाल का उपयोग करें।

लॉकडाउन की स्थिति में शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों एवं गाईडलाइनों का पूर्णतः पालन करें। कोरोना वायरस (COVID-2019) से बचने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें। कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएँ।

परीक्षाएँ तथा अकादमिक गतिविधियों की जानकारी के लिए अपने महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्य/अध्यक्ष/शिक्षक से मोबाईल, ई–मेल, व्हाट्स–अप, आदि के माध्यम से संपर्क में रहें तथा विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट www.prsu.ac.in का अवलोकन करते रहें।

शुभकामनाओं सहित,

(केशरी लाल वर्मा)